NCERT
National Council Of Educational Research And Training

**NCERT Solutions for 1st Class Hindi: Chapter 8-चूहो ! म्याऊँ सो रही है**

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 8-चूहो! म्याऊँ सो रही है

Class 1st Hindi Chapter 8 Solutions - Complete Class 1 Hindi Chapter 8 Notes.

## NCERT Solutions for Class 1st Hindi: Chapter 8-चूहो! म्याऊँ सो रही है

NCERT 1st Hindi Chapter 8, class 1 Hindi Chapter 8 solutions

कविता का सारांश

'चूहो। म्याऊँ सो रही है' नामक इस कविता के रचयिता धर्मपाल शास्त्री हैं। इस कविता में कवि ने एक दिन बिल्ली मौसी के सो जाने पर चूहों को स्वच्छंदतापूर्वक मनमानी करने हेतु ललकारा है। इस कविता

में कवि कह रहे हैं कि घर के पीछे तथा छत के नीचे पाँव पसारे, पूँछ सँवारे बिल्ली मौसी सो रही है। उसकी साँसों से 'घर घर घर घर' की आवाज़ आ रही है। बिल्ली सोई है और रसोई में खाने-पीने की चीजों से भरे हुए पतीले और रसीले चने रखे हैं। कवि चूहों से कहता है कि झटका देकर मटके को उलट दो तथा जो कुछ मिले, उसे चट कर जाओ। आज तुम्हें किसी बात का डर नहीं है। आज तुम किसी भी चीज़ को कुतर सकते हो। तुम अपनी पूँछ मरोड़ों, पूँछ सिकोड़ों या कितना भी तबाही मचा दो, आज कोई कुछ कहनेवाला नहीं है, क्योंकि आज बिल्ली सो रही है। आज घर पर तुम्हारा ही राज है।

काव्यांशों की व्याख्या

1. घर के पीछे,

छत के नीचे,

पाँव पसारे,

पूँछ सँवारे।

देखो कोई,

मौसी सोई,

नासों में से.

साँसों में से।

घर घर घर घर हो रही है,

चूहो! म्याऊँ सो रही है।

शब्दार्थ : पसारे-फैलाए। नास-नाक।

प्रसंग : उपर्युक्त पंक्तियाँ हमारी पाठ्यपुस्तक रिमझिम, भाग-1 में संकलित कविता 'चूहो! म्याऊँ सो रही है' से ली गई हैं। इसके रचयिता धर्मपाल शास्त्री हैं। इसमें कवि ने बिल्ली के सो जाने पर चूहों को अपनी मनमानी करने के लिए ललकारा है।

व्याख्या : इन पंक्तियों में कवि कहता है कि घर के पीछे तथा छत के नीचे, पाँव पसारे एवं पूँछ सँवारे बिल्ली सो रही है। बिल्ली मौसी की नाक और साँसों से घर-घर की आवाज़ आ रही है।

2. बिल्ली सोई,

खुली रसोई,

भरे पतीले,

चने रसीले।

उलटो मटका,

देकर झटका,

जो कुछ पाओ,

चट कर जाओ।

आज हमारा दूध दही है,

चूहो! म्याऊँ सो रही है।

शब्दार्थ : पतीला-चौड़े मुँह की बटलोई। रसीला-रस से भरा हुआ। मटका-मिट्टी का बड़ा घड़ा। प्रसंग: पूर्ववत।

व्याख्या : कविता की इन पंक्तियों के माध्यम से कवि कहता है कि बिल्ली सो रही है और रसोईघर खुला पड़ा है। इसमें भरे हुए पतीले तथा रसीले चने रखे हैं। कवि चूहों से कहता है कि एक झटके में मटके को उलट दो तथा जो कुछ मिले, उसे चट कर जाओ। आज रसोईघर में रखा दूध-दही सब हमारा है। इसका कारण यह है कि बिल्ली सो रही है।

3. मूंछ मरोड़ो,

पूँछ सिकोड़ो,

नीचे उतरो,

चीजें कुतरो।

आज हमारा,

राज हमारा,

करो तबाही,

जो मनचाही।

आज मची है,

चूहा शाही,

डर कुछ भी चूहों को नहीं है,

चूहो! म्याऊँ सो रही है।

शब्दार्थ : कुतरना-काटना। चूहा शाही-चूहों का राज।

प्रसंग : पूर्ववत।

व्याख्या : कवि चूहों को ललकारते हुए कहता है कि अपनी मूंछे मरोड़कर, पूँछे सिकोड़कर नीचे उतरो और चीज़ों को कुतर डालो। आज तो केवल चूहों का ही राज है। आज चूहों को किसी का भी डर नहीं है, क्योंकि बिल्ली सो रही है।

प्रश्न-अभ्यास

(पाठ्यपुस्तक से)

## पढ़ो



घर के पीछे,
छत के नीचे



पाँव पसारे,
पूँछ सँवारे



भरे पतीले,
चने रसीले



उलटो मटका,
देकर झटका



मूँछ मरोड़ो,
पूँछ सिकोड़ो



नीचे उतरो,
चीज़ें कुतरो

## चलो, चूहा बनाएँ

तीन लिखो



मूँछ कान बनाओ



आँखें और
पैर बनाओ



पूँछ बनाओ






तुक मिलाओ, आगे बढ़ाओ

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-1st-class-hindi-chapter-8-chuho-myau-so-rahi-hai/


पतीले
झटका
पसारे
सँवारे
मरोड़ो

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 1 Hindi :


- Chapter 1 – झूला
- Chapter 2 – आम की कहानी
- Chapter 3 – आम की टोकरी
- Chapter 4 – पत्ते ही पत्ते
- Chapter 5 – पकौड़ी
- Chapter 6 – छुक-छुक गाड़ी
- Chapter 7 – रसोईघर
- Chapter 8 – चूहो! म्याऊँ सो रही है
- Chapter 9 – बंदर और गिलहरी
- Chapter 10 – पगड़ी
- Chapter 11 – पतंग
- Chapter 12 – गेंद-बल्ला
- Chapter 13 – बंदर गया खेत में भाग
- Chapter 14 – एक बुढ़िया
- Chapter 15 – मैं भी……
- Chapter 16 – लालू और पीलू
- Chapter 17 – चकई के चकदुम
- Chapter 18 – छोटी का कमाल
- Chapter 19 – चार चने
- Chapter 20 – भगदड़
- Chapter 21 – हलीम चला चाँद पर
- Chapter 22 – हाथी चल्लम चल्लम
- Chapter 23 – सात पूँछ का चूहा

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.